जिस ने भी तेरा नाम पुकारा

बाबा ओ बाबा,
जिस जिस ने भी तेरा नाम पुकारा,
उसके जीवन में बाबा तूने ही दिया सहारा,
ओ खाटू वाले श्याम

हमसे दूर नहीं हो बाबा करते हो रखवाली,
जिसने किया भरोसा तुम पर उसकी डोर संभाली,
जो भी तेरे पाँव पकड़ ले उसको दिया सहारा
मैने भी दरबार में आकर तेरा नाम पुकारा
ओ खाटू वाले श्याम

तेरे काबिल नहीं हूँ बाबा फिर भी काम चला ले,
जैसी भी हु तेरी बाबा गुण अवगुण तू संभाले,
जिसके जीवन में हुआ अँधेरा उसको दिया उजाला,
मैने भी दरबार में आकर तेरा नाम पुकारा ,
ओ खाटू वाले श्याम,

केसरिया बागा बाबा लीले की करे सवारी,
तीन बाण काँधे ओ बाबा हाथ ध्वजा है प्यारी,
शीश के दानी महाबली हो शीश के दानी महाबली
देते हो सबको सहारा मैने भी दरबार में आकर,
तेरा नाम पुकारा.

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21364/title/jis-ne-bhi-tera-naam-pukara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |